एम. एम. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' तथा 'द स्कारलेट लेटर' पर आधारित फिल्मों का आयोजन

मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फतेहाबाद (हरियाणा) के अंग्रेजी विभाग द्वारा, अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक, विलियम शेक्सपीयर के अविस्मरणीय नाटक, 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' पर आधारित एक फिल्म का आयोजन बी. ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया गया। यह नाटक सी. डी. एल. यू. द्वारा निर्धारित सिलेबस में अंकित है, अतएव विद्यार्थियों को इस विषय से संबंधित, परीक्षा उपयोगी कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को समझाने हेतु इस फिल्म का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नाटक के मुख्य किरदारों, जिनमें एंटोनियो, बेसेनियो, ग्रेशियानो, लॉरेन्जो, शाइलॉक, पोर्शिया, नेरिसा, जेसिका आदि शामिल हैं, को भली-भाँति पहचाना एवं समझा।

इस कार्यक्रम के साथ-साथ, अंग्रेजी विभाग द्वारा, एम. ए. (इंग्लिश) के विद्यार्थियों के लिए भी, एक अन्य

फिल्म का आयोजन किया गया, जो प्रसिद्ध अमेरिकी साहित्यकार, नथेनिअल हॉथोर्न के उपन्यास, 'द स्कारलेट लेटर' पर आधारित थी। इस फिल्म के माध्यम से भी, विद्यार्थियों ने 'प्यूरिटनिज्म' के कुछ अहम बिंदुओं को समझा तथा इस उपन्यास के मुख्य किरदारों, 'हेस्टर प्रिन,' 'आर्थर डिम्सडेल,' 'रॉजर चिलिंगवर्थ' तथा 'पर्ल' आदि सभी को बखूबी समझा।

इन दोनों कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाने में, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो॰ महेश मेहता ने अपनी अहम भूमिका अदा की। उन्होंने विद्यार्थियों को साहित्य एवं मानव जीवन के आपसी गहन संबंध को समझने हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ॰ गुरुचरण दास, एम॰ एम॰ एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन, श्री आत्मप्रकाश बत्रा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, श्री राजीव बत्रा, महासचिव एडवोकेट श्री विनोद कुमार मेहता आदि सभी सदस्यों ने, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष

प्रो॰ महेश मेहता के साथ - साथ, इस विभाग के अन्य सभी स्टाफ सदस्यों; प्रो॰ प्रतिभा मखीजा, डॉ॰ तृप्ता मेहता, मैडम सिम्पा, प्रीत कौर, रेखा, सोनू बेनीवाल व कल्पना यादव तथा तकनीकी सहयोग के लिए, 'कम्प्यूटर साइंस' विभाग से जुड़े राजेश सर, अमन सर तथा विभागाध्यक्ष, डॉ॰ विकेश सेठी, आदि सभी को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बहुत- बहुत बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करवाने की बात कही।